एक नजर में

कलेक्टर सिंह ने किया शिविर का निरीक्षण

बड़वानी। कलेक्टर जयति सिंह ने मंगलवार को ग्राम पंचायत चिचली एवं मण्डवाड़ा पहुंच सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित किए गए भूखंडों की रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए लगाए जा रहे विशेष दस्तावेज सत्यापन शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विस्थापितों के दस्तावेजों का मिलान सुक्ष्मता से करते हुए पात्रता अनुसार रजिस्ट्री की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि विस्थापितों को उनके अधिकार समय पर मिल सके। विस्थापित परिवारों की रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसडीएम राजपुर कुमार व तहसीलदार भूपेन्द्र भिड़े व जगदीश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर व्याख्यान

बड़वानी। ग्राम करी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रेरणादायक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित ने की। समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा सशक्तिकरण के महत्व पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ पंडित ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिला शक्ति के अधिकार उनकी गरिमा और सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ हुआ, जो मतदान के अधिकार से लेकर महिलाओं के विविध क्षेत्रों में अधिकारों को सुनिश्चित करता है। महिला प्राध्यापक साथियों का पुष्प देखकर सम्मान किया गया और यह आह्वान किया कि महिला हो या पुरुष प्राध्यापक ज्ञान और योग्यता से ही अपनी पहचान बनाता है। इस अवसर पर डॉ गीतांजलि वर्मा ने, डॉ सुनीता सोलंकी, डॉ अंतिमबाला, डॉ तंजीम शेख, डॉ प्रिया बघेल, डॉ पूजा मंडलोई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मान कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिल पाटीदार ने किया। डॉ आरआर मंडलोई, डॉ माणक सोलंकी, डॉ डीआर मुजाल्दा, डॉ लखन परमार का नवागत प्राध्यापक रूप में अभिनंदन किया गया। डॉ बीएस मुझाल्दा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी सार्थक होगा, जब समाज के सभी वर्ग मिलकर महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करेंगे। अंत में डॉ दिनेश पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 14 को

बड़वानी। कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 14 मार्च को कलेक्टर कार्यालय सभागृह में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है।

सैमसंग ने गैलेक्सी एम17ई 5जी पेश किया

इंदौर. सैमसंग ने अपने गैलेक्सी एम17ई 5जी की सारी खूबियों की जानकारी दी है. यह फोन 17 मार्च को लॉन्च किया जाएगा. तेजी से बदलती डिजिटल जीवनशैली में युवा यूजर्स को ऐसे डिवाइस की जरूरत होती है जो उनके काम करने, संवाद करने और कंटेंट उपभोग करने के तरीके के साथ तालमेल बिठा सकें. गैलेक्सी एम17ई 5जी एक शानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद बैटरी, कुशल प्रोसेसिंग, इनेबल्ड कैमरे और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर को जोड़कर एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है. गैलेक्सी एम सीरीज पहले से ही भारत में सैमसंग के सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है. गैलेक्सी एम17ई 5जी के साथ सैमसंग इस सीरीज को और विस्तार दे रहा है, जिसमें एक ऐसा डिवाइस है जो प्रमुख स्मार्टफोन फीचर्स में विश्वसनीय परफॉर्मेंस और रोजमर्रा की उपयोगिता प्रदान करता है. यह स्मार्टफोन ऑक्टा-कोर मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर पर चलता है.

सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज की अर्ली डिलीवरी करेगी

इंदौर. सैमसंग ने भारत में उन ग्राहकों के लिए अपनी सबसे उन्नत एआई-आधारित स्मार्टफोन लाइन, गैलेक्सी एस26 सीरीज की अर्ली डिलीवरी (समय से पहले डिलीवरी) की घोषणा की है, जिन्होंने इन डिवाइसेज को प्री-बुक किया था. गैलेक्सी एस26 सीरीज- जिसमें एस26 अल्ट्रा, एस26+ और एस26 शामिल हैं- मोबाइल फोन के लिए दुनिया का पहला बिल्ट-इन प्राइवेसी डिस्प्ले पेश करती है, जो डिस्प्ले अनुभव की एक नई श्रेणी की शुरुआत करता है. साथ ही इसमें एजेंटिक एआई है, जो चुपचाप रोज़मर्रा के काम संभाल लेता है ताकि यूज़र्स उन चीज़ों पर ध्यान दे सकें जो वास्तव में महत्वपूर्ण हैं. गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5 प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है, जो इसके 7.9 मिमी के पतले डिज़ाइन में सीपीयू, जीपीयू और एनपीयू के प्रदर्शन में भारी सुधार लाता है. गैलेक्सी एस26 सीरीज़ की प्री-बुकिंग भारत में 10 मार्च 2026 तक सभी प्रमुख ऑनलाइन और ऑफ़लाइन रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है.

नेक्स्ट केयर इंक ने फ्रेगरेंस रेंज लॉन्च की

इंदौर. तेजी से उभरते फ्रेगरेंस ब्रांड नेक्स्ट केयर इंक. ने महिलाओं के लिए अपनी नई फ्रेगरेंस रेंज 'द एलिमेंट्स ऑफ हर' लॉन्च की है. इस कलेक्शन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की भावना, शक्ति और व्यक्तित्व को सम्मान देने के लिए प्रस्तुत किया गया. उल्लेखनीय है कि नेक्स्ट केयर इंक. ऐसे फ्रेगरेंस बनाने के लिए जाना जाता है जो किफायती होने के साथ-साथ आत्मविश्वास और सकारात्मक भावनाओं को भी बढ़ावा देते हैं. नेक्स्ट केयर इंक. के को-फाउंडर परमिंदर संधू ने कहा कि महिलाओं के व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों से प्रेरित यह फ्रेगरेंस रेंज तीन अलग-अलग सुगंधों– 'पेटल', 'पेबल' और 'पॉपी' को साथ लेकर आई है. प्रत्येक फ्रेगरेंस एक अलग भावनात्मक अभिव्यक्ति और मूड को दर्शाती है, जो इस विचार को सामने लाती है कि हर महिला के व्यक्तित्व में कई खूबसूरत रंग मौजूद होते हैं.

सेलम साबुदाना बाजार में 15% की तेजी

इंदौर. मार्च माह के पहले सप्ताह में साबूदाना के प्रमुख उत्पादन केंद्र सेलम (तमिलनाडु) के साबुदाना बाजार में करीब 15 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई है. 46 वर्षों से साबुदाना व्यापार से जुड़े वरिष्ठ उद्योगपति, बाजार विश्लेषक और साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम के संस्थापक चेयरमैन गोपाल साबु के अनुसार इस वृद्धि के पीछे मुख्यत: तीन कारण हैं—कच्चे माल की आपूर्ति में कमी, आगामी नवरात्रि पर्व से मांग में वृद्धि, तथा परिवहन लागत में बढ़ोतरी. श्री साबु ने बताया कि ताजे कंद (टैपिओका) की उपलब्धता लगभग समाप्त हो चुकी है, जिससे कच्चे माल के भाव में लगभग 250 रुपए प्रति क्विंटल तक की वृद्धि देखी गई है. उन्होंने यह भी बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले माल की संभावित कमी की आशंका के चलते स्टॉकिस्टों द्वारा खरीदारी बढ़ाई जा रही है, जिससे बाजार में तेजी को और बल मिला है. 20 मार्च से आरम्भ होने वाले नवरात्रि पर्व के मद्देनज़र देशभर के बाजारों में विक्रेताओं और उपभोक्ताओं की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है.

समाजसेविका सौम्या जैन सम्मानित

इंदौर. अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने समाजसेविका सौम्या जैन तिलगोता को सम्मानित किया. संस्था की अध्यक्ष सुमन दुग्गड और सचिव दीपल सामोता ने मोमेंटो और माला से सौम्या जैन को नवाज़ा. आयोजन विश्व महिला दिवस पर न्यू पलासिया स्थित तेरापंथ भवन में किया था. इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों ने सौम्या जैन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

येजदी' ने क्रोम से सजी रोडस्टर 'रेड वुल्फ' लॉन्च की

इंदौर. रेड मून की रात, जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स नई येज़दी रोडस्टर रेड वुल्फ लॉन्च की है. 'बॉर्न आउट ऑफ लाइन' रोडस्टर की दमदार भावना से प्रेरित रेड वुल्फ एक बोल्ड रेट्रो लॉन्ग-हॉल रोडस्टर है. येज़दी रोडस्टर का यह नया रूप विद्रोही लाल रंग और चमकदार क्रोम के साथ आता है,

शीतला माता पूजन कर किया ठंडा भोजन

बड़वानी, (नवभारत)। जिले भर में मंगलवार को भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ शीतला सप्तमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर अल सुबह से ही शहर स्थित शीतला माता मंदिरों में महिलाओं श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना प्रारंभ हो गई, दर्शन-पुजन के लिए आना का सिलसिला देर शाम तक निरंतर जारी रहा।

इस अवसर पर शहर के दर्जी मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। वहीं महिलाओं द्वारा सुहाग का जोड़ा पहनकर माताजी की पूजा-अर्चना कर सुहाग की सामग्री के साथ ठंडे भोजन का भोग लगाया गया। साथ ही व्रत रख परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

परंपरा अनुसार शीलता सप्तमी के दिन किसी भी घर में चुल्हा नहीं जलाया जाता है। पर्व से एक दिन पूर्व भोजन बनाकर रख लिया जाता है और शीतला माता की पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाकर ठंडे भोजन को ग्रहण किया जाता है। पर्व को लेकर शीतला माता मंदिरों में उचित प्रकाश की व्यवस्था कर साफ-सफाई की गई। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए शीतलपेय की भी व्यवस्था की गई थी।

सोरठी समाज की महिलाओं ने पेश की मिसाल

शहर के न्यू सोरठ मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रतिवर्ष की तरह सोरठी समाज की महिलाओं ने प्रसादी एकत्रित कर बेसहारा जरुरतमंदों के लिए अजित जैन मित्र मंडल को दी। इस सेवा कार्य में पिंकी सोलंकी, नर्मदी सोलंकी, जमना पारगिर, रितु पारगीर, सीमा डाबर, प्रियंका मायरिया, रेणुका सोलंकी का सहयोग रहा।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को दिया प्रशिक्षण

पानसेमल, (नवभारत)। पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को ई-विवेचना में सीसीटीएनएस पर टैबलेट के माध्यम से कार्य करने के लिए थाने पर प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश पर एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी आयुष अलावा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में पानसेमल, निवाली और खेतिया थाने के अधिकारी-कर्मचारियों को टीओटी प्रशिक्षक सउनि मनीष सोलंकी और आरक्षक विनोद पाटीदार ने टैबलेट के माध्यम से सीसीटीएनएस पर ई-विवेचना संबंधी कार्रवाई की जानकारी दी।

अधिकारियों को दिए जाएंगे टैबलेट

साथ ही अधिकारियों को बताया कि शीघ्र ही पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा विवेचना अधिकारियों को टैबलेट वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में थाना प्रभारी पानसेमल मंशाराम वगेन सहित निवाली और खेतिया के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में लगेगा नि:शुल्क नेत्र शिविर 13 को

बड़वानी। शहर के लायंस क्लब बड़वानी सिटी और जिला अस्पताल के तत्वावधान में चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से 13 मार्च को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। डीपीएम अनिल राठौड़ एवं केम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने बताया कि शिविर का सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा।

मोतियाबिंद के मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा जाएगा। मरीज अपना आधार कार्ड साथ में लेकर आए। लायन राम जाट, लायन साबिर रौनक, लायन अनूप मंडलोई, लायन सचिन शर्मा, लायन कमलेश शर्मा ने अधिक से अधिक लोगों को इस नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को शिविर वाले दिन नि:शुल्क भोजन भी कराया जाएगा।

एसपी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

बड़वानी, (नवभारत)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को एसपी पद्मविलोचन शुक्ल (भापुसे) एवं एएसपी धीरज बब्बर की उपस्थिति में जनसुनवाई आयोजित हुई।

इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं शिकायतें एवं लंबित प्रकरण एसपी के समक्ष प्रस्तुत किए। एसपी श्री शुक्ल ने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निराकरण पूर्ण पारदर्शिता, प्राथमिकता एवं निर्धारित समय-सीमा में किया जाए।

पुलिस अधीक्षक शुक्ल ने कहा कि जिला पुलिस का प्रमुख उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को न्याय, सुरक्षा और भरोसे का वातावरण उपलब्ध कराया जाए। आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हमारी प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान शिकायत शाखा प्रभारी निरीक्षक रमेश प्रसाद तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

पेयजल के नमूने लेकर नपा ने की जांच

चंचल चौराहा वार्ड 18 में लगाया जल सुनवाई कैम्प

बड़वानी, (नवभारत)। नगर पालिका परिषद शहर के अलग-अलग वार्डों में जल सुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जहां पेयजल के नमूने लेकर जांच की जा रही हैं, वहीं वार्डवासियों से आवेदन भी लिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में 10 मार्च को शहर के चंचल चौराहा वार्ड 18 में जल सुनवाई कैमप आयोजित किया। जिसमें जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य अमृत मित्र महिलाओं और निकाय की टीम द्वारा किया गया। उक्त शिविर निकाय के सहायक यंत्री पुष्पराज अजनारे जलप्रदाय प्रभारी की उपस्थिति में शिविर लगाया गया। इस दौरान कुल 13 पेयजल नमूने की जांच की गई, जिसमें वार्डवासियों के घरों का पानी एवं निवास पर स्थापित ट्यूबवेल के पानी की जांच की गई। साथ ही पाईप लीकेज सुधार के लिए 3 आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान वार्ड 18 पार्षद के कौशल मंडवाड़ा भी उपस्थित थे।

नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को, सरचार्ज में मिलेगी छूट

संपतिकर, जलकर सरचार्ज में सौ प्रतिशत तक छूट

नव भारत न्यूज

इंदौर. इस साल की पहली लोक अदालत 14 मार्च शनिवार को होगी. लोक अदालत में नगर निगम के संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में सौ प्रतिशत छूट दी जाएगी. करदाता सरचार्ज छूट का लाभ नगर निगम के सभी झोन, मुख्यालय और रजिस्ट्रार ऑफिस में ले सकते हैं.

शनिवार को साल की पहली लोक अदालत में संपत्तिकर खातों में 50 हजार बकाया पर सौ, 50 हजार से एक लाख बकाया होने पर 50 तथा एक लाख रुपए से ज्यादा बकाया होने 25 प्रतिशत सरचार्ज में छूट दी जाएगी. इसके साथ ही जलकर प्रकरणों में 10 हजार बकाया होने पर सौ, 10 हजार से 50 हजार तक बकाया होने पर 75 तथा 50 हजार से ज्यादा बकाया होने पर 50 प्रतिशत सरचार्ज राशि में छूट दी जाएगी. महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल एवं राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने समस्त करदाताओं से निगम मुख्यालय व झोनल कार्यालयों पर नेशनल लोक अदालत में सरचार्ज का लाभ लेने की अपील की है.

बिजली चोरी के मामलों में ब्याज पर 100% छूट

14 मार्च शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े प्रकरण आपसी समझौते के जरिए निपटाए जाएंगे. विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत उपभोक्ताओं के लंबित मामलों के निराकरण लोक अदालत में किया जाएगा. निम्न दाब श्रेणी के घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर-घरेलू और 10 हार्सपावर तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को राहत दी जाएगी. प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकी गई सिविल दायित्व राशि पर 30% तक और ब्याज में 100% छूट, जबकि लिटिगेशन स्तर पर 20त्न तक और ब्याज में 100% छूट मिलेगी। यह छूट 10 लाख रुपए तक के मामलों में लागू होगी. ऊर्जा विभाग की समाधान योजना के तहत तीन माह या उससे अधिक पुराने बिजली बिल जमा करने पर 50 से 90% तक सरचार्ज माफी दी जा रही है। योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च है. पश्चिम मप्र में अब तक करीब 7.40 लाख उपभोक्ताओं को 31 करोड़ रुपए की राहत मिली है, जबकि कंपनी को लगभग 208 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। सबसे ज्यादा लाभ इंदौर जिले के 91 हजार उपभोक्ताओं ने लिया है।

तक्षशिला परिसर में खुला नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस

नवभारत न्यूज़

इंदौर. भारतीय डाक विभाग ने आमजन और विशेषकर युवाओं को आधुनिक व सुविधाजनक सेवाएं देने के लिए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड स्थित उप डाकघर को नवीनीकृत कर 'नेक्स्ट जेनरेशन पोस्ट ऑफिस के रूप में विकसित किया.

इस आधुनिक डाकघर का उद्घाटन सोमवार शाम पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर क्षेत्र प्रीती अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई मुख्य अतिथि रहे, जबकि सिद्धयानी पाटनी (मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की भूतपूर्व संयुक्त सचिव) विशेष रूप से उपस्थित रहीं. प्रवर अधीक्षक डाकघर शिवांसु कुमार ने बताया कि इस पोस्ट ऑफिस को युवाओं की पसंद के अनुरूप कैफेटेरिया जैसे आकर्षक लुक के साथ विकसित किया गया है. यहां डिजिटल सेवाओं के साथ चाय-कॉफी वॉटर डिस्पेंसर, लूडो, स्लिंगो, शतरंज जैसे गेम्स और किताबें-पत्रिकाएं भी उपलब्ध हैं, ताकि छात्र डाक सेवाओं से जुड़ सकें.

टी20 विश्व कप विजेता बनने पर विशेष आवरण

कार्यक्रम में भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के टी-20 विश्व कप 2026 विजेता बनने की उपलब्धि पर एक विशेष आवरण का अनावरण किया गया. साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के खाताधारकों को पासबुक भी वितरित की गई. कार्यक्रम में डाक विभाग व विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.

एक नजर में | **कार्यक्रम की मुख्यअतिथि प्रीति अग्रवाल पोस्टमोस्ट जनरल इंदौर थी**

अभ्यास मंडल का नारी शक्ति सम्मान समारोह

इंदौर. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अभ्यास मंडल ने नारी शक्ति अवार्ड 2026 सम्मान समारोह का आयोजन किया. कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक कार्य, पत्रकारिता, उद्यमिता और खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम के प्रारंभ में अभ्यास मंडल की ओर से स्वागत उद्बोधन देते हुए डॉ. माला सिंह ठाकुर ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि महिला दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को मां अहिल्या की नगरी में सम्मानित कर उनके योगदान को समाज के सामने लाना तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करना है. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति अग्रवाल पोस्टमास्टर जनरल इंदौर क्षेत्र थी. उन्होंने कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिलाओं का योगदान ऐसा है कि हर दिन उनके सम्मान और महत्व का दिन होना चाहिए. महिलाओं के बिना परिवार का एक दिन भी सुचारु रूप से नहीं चल

इनको किया सम्मानित

इस अवसर पर उच्च शिक्षा में होलकर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन, सामाजिक कार्यकर्ता माधुरी मोयदे, पत्रकारिता प्रियंका पांडे, उद्यमिता में कल्पना रमन और विद्या सागर कॉलेज की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) सुश्री फाएजा अली को नारी शक्ति अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाली सभी महिलाओं ने एक स्वर से कहा कि महिला होना सौभाग्य है, यह किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं बल्कि हमारी सबसे बड़ी ताकत है. यदि नारी को स्वयं पर विश्वास हो तो समाज के हर क्षेत्र में वह अपनी क्षमता का परिचय देते हुए आगे बढ़ सकती है और हर चुनौती को पार कर सकती है.

डीजे की धुन पर झूमे सदस्य, रथ और बग्गियों के साथ निकली गेर

इंदौर. माहेश्वरी युवान-द फ़ैमिली क्लब द्वारा माहेश्वरी समाज इंदौर के अध्यक्ष युवान डॉ. सत्यनारायण 'पप्पू' एवं नीरू मंत्री के विशेष आतिथ्य में रंगपंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.

क्लब अध्यक्ष जयंत डॉली गुप्ता के निवास घरौंदा से सुसज्जित रथ एवं बग्गियों के साथ पारंपरिक गेर निकाली गई. डीजे और ढोल की धुन पर थिरकते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित कपल सदस्यों ने गीता भवन एवं मनोरमागंज क्षेत्र में लगभग चार घंटे तक उत्साहपूर्वक नृत्य कर रंगारंग माहौल बना दिया. इस दौरान सभी ने रंगों की मस्ती के साथ-साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया. महोत्सव के संयोजक शिशिर-शिल्पा माहेश्वरी, पंकज-रचना बजाज, जनक-शिवानी बजाज, विपुल-मुस्कान राठी रहे और समन्वयक रामकिशोर-अंजू राठी थे. कार्यक्रम के अंत में क्लब अध्यक्ष जयंतङ्कडॉली गुप्ता, सचिव कमलङ्कसंगीता सोडानी तथा कोषाध्यक्ष सुदर्शनङ्कअर्पिता मूंदड़ा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।